पंजाब केसरी 29/03/2026

जी.एम.एन. कॉलेज की छात्रा तन्वी ने अंतरकॉलेज राज्य स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में जीता तृतीय पुरस्कार

अम्बाला, 28 मार्च (बलराम): जी.एम.एन. कॉलेज, अम्बाला कैंट की छात्रा तन्वी बीए प्रथम वर्ष ने महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित अंतरकॉलेज राज्य स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में तृतीय पुरस्कार प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

यह प्रतियोगिता डीएवी कॉलेज, अम्बाला शहर द्वारा आयोजित की गई थी, जिसका विषय महिलाएं नवाचार और स्टार्टअप्स का नेतृत्व करते हुए था। प्रतियोगिता में हरियाणा के विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए।

तन्वी ने अपने वक्तव्य में महिलाओं की परिवर्तनकारी भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उनके नवाचार, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। अपने आत्मविश्वास, स्पष्ट अभिव्यक्ति और तार्किक विचारों के माध्यम से उन्होंने निर्णायक मंडल को प्रभावित किया और तृतीय पुरस्कार हासिल किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डा. रोहित दत्त व डा. अनुपमा सिहाग के साथ छात्रा तन्वी। (चंद्रमोहन)

महाविद्यालय के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने तन्वी की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि हमारी छात्रा ने राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। तन्वी न केवल कॉलेज का नाम रोशन कर रही है, बल्कि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा स्रोत है। हमें विश्वास है कि वह भविष्य में भी इसी प्रकार सफलता के नए आयाम स्थापित करेगी।

गतिविधि प्रभारी एवं मनोविज्ञान विभाग की प्रमुख डा. अनुपमा सिहाग ने भी तन्वी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उसकी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास ने उसे यह सफलता दिलाई है। उन्होंने उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।